### विधायक मनीषा सिंह और शरद कोल ने किया भव्य शुभारंभ

# शहडोल के गांधी स्टेडियम में बास्केटबॉल का महाकुंभ

### लघु भारत की झलक के साथ 69 वीं राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता का शंखनाद

**शहडोल।** विंध्य की पावन धरा और शहडोल का ऐतिहासिक गांधी स्टेडियम शुक्रवार को एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना। मौका था 14 वर्ष आयु वर्ग की 69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के भव्य शुभारंभ का। देश के कोने-कोने से आए नन्हे खिलाड़ियों के जुनून, आतिशबाजी के शोर और जनजातीय लोक नृत्यों की थाप के बीच इस मिनी ओलंपिक का आगाज़ हुआ। मैदान पर जब 30 राज्यों और विभिन्न खेल संगठनों के खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट किया, तो पूरा स्टेडियम लघु भारत के स्वरूप में जीवंत हो उठा।




### खेलों से निखरता है व्यक्तित्व और अनुशासनः मनीषा

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने एसजीएफआई के खेल ध्वज का ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा खेल केवल हार-जीत का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, समन्वय और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। शहडोल के लिए यह गौरव का विषय है कि आज देश भर की प्रतिभाएं यहां अपनी खेल तकनीक का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत का मंत्र देते हुए खेल भावना से खेलने का आह्वान किया।

### प्रतिभा और उत्साह के संगम

समारोह की अध्यक्षता कर रहे ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि शहडोल की धरती आज जुनून और प्रतिभा के संगम की गवाह बन रही है। उन्होंने कहा खेलों से टीम वर्क और आत्मविश्वास बढ़ता है। यहां से खिलाड़ी केवल पदक ही नहीं, बल्कि शहडोल की सकारात्मक यादें भी लेकर जाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, नपा अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, संभागायुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और एसपी रामजी श्रीवास्तव सहित कई दिग्गज मौजूद रहे।

### आंध्रप्रदेश ने किया नेतृत्व

समारोह का आकर्षण खिलाड़ियों का भव्य मार्चपास्ट रहा, जिसका नेतृत्व आंध्रप्रदेश की टीम ने किया। शहडोल की राष्ट्रीय खिलाड़ी अनुष्का करांगले ने सभी 358 खिलाड़ियों को निष्पक्षता और खेल भावना की शपथ दिलाई। जब आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए और आतिशबाजी हुई, तो खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### जनजातीय नृत्यों ने बिखेरी चमक

शुभारंभ अवसर पर शहडोल की जनजातीय संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिली। माता शबरी छात्रावास, कस्तूरबा गांधी छात्रावास, गुड शेफर्ड कॉन्वेंट और ज्ञानोदय विद्यालय की छात्राओं ने लोक नृत्यों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि अतिथि और खिलाड़ी झूम उठे। इन प्रस्तुतियों ने बाहरी राज्यों से आए मेहमानों को मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत से परिचित कराया।

### पहले दिन के रोमांचक परिणाम

शुभारंभ के साथ ही चार मैदानों गांधी स्टेडियम, गुड शेफर्ड, डाइट परिसर और कन्या महाविद्यालय में मुकाबलों का दौर शुरू हो गया। 19 दिसंबर को खेले

**30 राज्यों की टीमों के बीच शुरू हुआ खिताबी संघर्ष**
**जनजातीय संस्कृति की अनूठी छटा ने मोहा मन**

गए मैचों में सीबीएसई : चंडीगढ़ और बिहार को हराकर दोहरी जीत दर्ज की। आईपीएससीः जम्मू-कश्मीर पर जीत हासिल की। केरलः पश्चिम बंगाल को शिकस्त दी। मेघालयः विद्या भारती को हराया। महाराष्ट्रः तेलंगाना को हराकर बढ़त बनाई।

### आज हाई-वोल्टेज मुकाबले

शनिवार 20 दिसंबर को प्रतियोगिता और रोमांचक होने वाली है। प्रातः 7 बजे से गांधी स्टेडियम में दिल्ली बनाम चंडीगढ़ और विद्या भारती बनाम मध्य प्रदेश जैसे कड़े मुकाबले होंगे। वहीं गुड शेफर्ड मैदान पर केरल बनाम उत्तर प्रदेश और बीटीआई परिसर में महाराष्ट्र बनाम पंजाब की टीमें आपस में भिड़ेंगी।

### प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश धुर्वे ने बताया कि 23 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के लिए जिला प्रशासन ने खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और परिवहन के लिए विश्वस्तरीय इंतज़ाम किए हैं। 30 टीमों के साथ आए 71 कोच और मैनेजरों को भी शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शहडोल में आयोजित यह राष्ट्रीय आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच दे रहा है, बल्कि जिले की खेल अधोसंरचना और आतिथ्य सत्कार की क्षमता को भी राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित कर रहा है।

# सहायक शिक्षक की शर्मनाक करतूत

### पैंट-शर्ट के बटन खोलकर स्कूल में मचाया उत्पात, वीडियो वायरल होने से हड़कंप



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी तहसील से एक ऐसी घिनौनी और रूह कंपा देने वाली तस्वीर सामने आई है, जिसने गुरु-शिष्य की पवित्र परंपरा को तार-तार कर दिया है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय हिरवार में पदस्थ सहायक शिक्षक रामखेलावन चौधरी ने शराब के नशे में धुत होकर स्कूल परिसर को मयखाना समझ लिया। शिक्षक की स्थिति इतनी वीभत्स और अमर्यादित थी कि उसने बच्चों के सामने ही अपने चरित्र और पद की गरिमा को पैरों तले कुचल दिया।

### मर्यादा की सारी हदें पार

जन शिक्षा केंद्र बरौधा के अंतर्गत आने वाले इस स्कूल में जब यह कलियुगी शिक्षक पहुंचा, तो वह पूरी तरह होश खो चुका था। चश्मदीदों और वायरल वीडियो के मुताबिक, शिक्षक रामखेलावन की पैंट की जिप खुली थी और शर्ट के बटन टूटे हुए थे। अर्धनग्न और बदहवास हालत में वह स्कूल के बरामदे में किसी फिल्मी विलेन की तरह घूम रहा था। हद तो तब हो गई जब इस शराबी शिक्षक ने अपनी जुबान से जहर उगलना शुरू किया। उसने सरेआम एसडीएम और तहसीलदार जैसे प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारियों को भद्दी गालियां दीं।

### शर्मसार हुआ सरस्वती का मंदिर

जिस समय यह हाई वोल्टेज ड्रामा चल रहा था, स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे अपनी कक्षाओं में दुबके हुए थे। जिन मासूम आंखों में शिक्षक के प्रति सम्मान होना चाहिए था, उन आंखों में खौफ और घृणा साफ देखी जा सकती थी। बच्चों के सामने एक शिक्षक का इस तरह निर्वस्त्र और अभद्र होना शिक्षा तंत्र की सबसे बड़ी विफलता है। सवाल यह उठता है कि क्या इन्हीं नशेड़ियों के भरोसे प्रदेश का भविष्य सुरक्षित है?

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो



इस पूरी घटना का वीडियो अब जंगल की आग की तरह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि शिक्षक को न तो अपनी वर्दी का ख्याल है और न ही उन मासूमों का, जो उसे अपना आदर्श मानते हैं। इस कृत्य ने न केवल शिक्षा विभाग की साख पर बट्टा लगाया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि विभाग के भीतर अनुशासन का कोई डर बाकी नहीं रहा।

### कठोर कार्रवाई की दरकार

घटना के बाद से पूरे जिले में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण और अभिभावक मांग कर रहे हैं कि ऐसे मानसिक रूप से दिवालिया और नैतिक रूप से पतित शिक्षक को तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए। केवल निलंबन जैसी खानापूर्ति इस अपराध के लिए पर्याप्त नहीं है। प्रशासन को यह तय करना होगा कि ऐसे असामाजिक तत्व दोबारा किसी स्कूल की दहलीज न लांघ सकें। अब सबकी नजरें जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग पर टिकी हैं, क्या वे इस कलंकित शिक्षक पर ऐसी मिसाल पेश करेंगे कि दोबारा कोई रामखेलावन स्कूल को मधुशाला बनाने की हिम्मत न कर सके?

# अनुशासन, परिश्रम और संस्कार से बनी सफलता की पहचान

**बुढ़ार।** सपनों को दिशा, मेहनत को अनुशासन और जीवन को संस्कार मिल जाएं, तो सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं रहती, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है। इसी कथन को साकार किया है बुढ़ार नगर की होनहार छात्रा कुमारी झीत जैन ने, जिन्होंने आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं (कॉमर्स) परीक्षा में शहडोल संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कुमारी झीत जैन की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल उनका परिवार गौरवान्वित है, बल्कि विद्यालय परिसर और पूरे बुढ़ार अंचल में हर्ष, उत्साह और गर्व का माहौल है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सीमित संसाधन भी प्रतिभा के मार्ग में बाधा नहीं बनते, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और परिश्रम निरंतर चलता रहे। झीत जैन, ऋषि जैन एवं श्रीमती जूली जैन की सुपुत्री हैं। उनकी सफलता को लेकर परिवार में भावुकता और संतोष का भाव



देखने को मिला। झीत के पिता श्री जैन ने कहा कि वे एक साधारण व्यापारी हैं और उन्होंने सदैव बच्चों को ईमानदारी, आत्मसंयम और मेहनत का महत्व सिखाया। शिक्षा से जुड़े निर्णयों में माता और विद्यालय का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, जिसने सही दिशा देने का कार्य किया।
अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झीत जैन ने विनम्रता के साथ कहा कि माता-पिता बच्चों को विद्यालय इसलिए भेजते हैं ताकि वे केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन और संस्कार भी सीखें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तक पहुँचने के लिए आत्मसंयम, निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम सबसे आवश्यक है। झीत ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन, समय-समय पर मिले सहयोग और परिवार के विश्वास को दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों का सकारात्मक दृष्टिकोण, नियमित प्रोत्साहन और विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण उनकी सफलता की मजबूत नींव बना।
झीत जैन की यह उपलब्धि केवल एक छात्रा की व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि यह संदेश देती है कि अनुशासन, संस्कार और सतत प्रयास के बल पर कोई भी विद्यार्थी अपनी अलग पहचान बना सकता है। बुढ़ार क्षेत्र और एमजीएम विद्यालय के लिए यह सफलता निश्चित ही गौरव, प्रेरणा और उज्ज्वल भविष्य की आशाओं का प्रतीक है।

# सीईओ जिला पंचायत की जमीनी पड़ताल

### बच्चों के पोषण और मरीजों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**शहडोल।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने जनपद पंचायत गोहपारू के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहा और खन्नौधी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर स्वास्थ्य केंद्रों तक की व्यवस्थाओं को खंगाला और मैदानी अमले को दो टूक लहजे में कर्तव्यनिष्ठा की चेतावनी दी।

### पोषण आहार पर सख्त निर्देश

ग्राम पंचायत बरहा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल के निरीक्षण के दौरान सीईओ ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांची। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को मीनू के अनुसार ही पोषण युक्त और संतुलित आहार दिया जाए। बच्चों के स्वास्थ्य और संदर्भ सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### स्वास्थ्य और गौशाला की समीक्षा

खन्नौधी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में श्री प्रजापति ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर असंतोष जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए और मरीजों को बेहतर उपचार मिले। वहीं खन्नौधी गौशाला में पशुओं के लिए चारा-भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अभियान में लाएं गति

सीईओ ने एक बगिया मां के नाम योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यों में तेजी लाने और इसे बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ सुधीर दिनकर सहित अन्य लापरवाह अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुधारने की अंतिम चेतावनी दी गई है।

# विश्वविद्यालय परीक्षा परिणामों में भारी धांधली का आरोप



### 70 प्रतिशत छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ और दुर्व्यवहार का लगाया गंभीर आरोप

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों में मचे हाहाकार और प्रशासनिक तानाशाही के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर परीक्षा प्रणाली में सुधार और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।
ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी बी.ए., बी.एस.सी. और बी.कॉम के परीक्षा परिणामों में भारी अनियमितताएं हैं। लगभग 70 प्रतिशत विद्यार्थियों का रिजल्ट होल्ड, सप्लीमेंट्री या फेल होना विश्वविद्यालय की मूल्यांकन प्रक्रिया पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा करता है। छात्र नेताओं ने कहा कि यह केवल मानवीय त्रुटि नहीं, बल्कि हजारों छात्रों के भविष्य के साथ किया गया एक भद्दा मजाक है।
वर्तमान परीक्षा प्रभारी डॉ. पूर्णिमा शर्मा की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। छात्रों का आरोप है कि डॉ. शर्मा न केवल अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हैं, बल्कि जब छात्र अपनी समस्याएं लेकर जाते हैं, तो उनके साथ असंवेदनशील और अभद्र व्यवहार किया जाता है। संगठन ने चेतावनी दी कि एक ही अधिकारी के पास पूरी व्यवस्था होने से विश्वविद्यालय की निष्पक्षता खत्म हो चुकी है।
छात्रों से दुव्र्यवहार और परिणामों में गड़बड़ी के लिए डॉ. पूर्णिमा शर्मा को तत्काल पद से हटाया जाए। सभी विवादित परीक्षा परिणामों का निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन कर जल्द सुधार किया जाए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, सिमरन कौर, शुभम सोंधिया, विश्वविद्यालय अध्यक्ष दीपांशु गुप्ता सहित महेंद्र यादव, शाहिल कुशवाह और अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। हस्ढ्ढ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो विश्वविद्यालय परिसर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### घर में सेंधमारी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

**शहडोल।** कोतवाली पुलिस ने घर का ताला तोडक़र चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सिलाई मशीनें और मोटरसाइकिल की बैटरी भी बरामद कर ली है। बीती 16 दिसंबर को अज्ञात बदमाशों ने एक सूने घर का ताला चटकाकर सिलाई मशीन और बुलेट की बैटरी पार कर दी थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी की टीम ने घेराबंदी कर विवेचना शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शानू उर्फ शाहनवाज खान 19 वर्ष, पुरानी बस्ती और उसके सहयोगी शिव सुधीर गुप्ता 44 वर्ष, गढ़ी को धर दबोचा।पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो आरोपियों ने जुर्म कुबूल कर लिया। इनके पास से दो सिलाई मशीन और बुलेट की बैटरी जब्त की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में एसआई राकेश बागरी और टीम की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना हो रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के चोरों और असामाजिक तत्वों में हडक़ंप व्याप्त है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति संतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाजार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठोक पिता\पति संदीप ठोक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृदि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रं◌ंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आ◌ॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. बैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव मुक्ति हेतु हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम 21 दिसंबर को

**उमरिया।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि 21 दिसम्बर 2025 को द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव मुक्ति हेतु अमर शहीद स्टेडियम में हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम सुबह 9 बजे आयोजित किया गया है। जिला चिकित्सालय उमरिया के समस्त अधिकारी/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है कि उक्त दिनांक एवं समय पर अमर शहीद स्टेडियम में हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम में सम्मिलित होना सुनिश्चित करे।

### जनसुनवाई में कार्यालय के विभाग प्रमुख या उनके प्रतिनिधि उपस्थित होना सुनिश्चित करें

**उमरिया।** म.प्र. शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनसुनवाई को सफल बनाये जाने हेतु माह के प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपस्थिति अनिवार्य है। संयुक्त कलेक्टर ने जनसुनवाई मे अनुपस्थित रहने वाले विभाग बांधवगढ टाईगर रिजर्व, सीईओ जिला पंचायत, जिला योजना अधिकारी एवं सांख्यिकी अधिकारी, परियोजना अधिकारी,जिला शहरी विकास अभिकरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नौरोजाबद, जिला कमांडेंट होमगार्ड, सचिव कृषि उपज मंडी से कहा है कि प्रभारी अधिकारी के शासकीय कार्य में व्यस्त/मुख्यालय से बाहर होने अथवा अन्य कारण होने की दशा में अपने कार्यालय के ही प्रतिनिधि (सहायक प्राधिकृत अधिकारी) की पृथक से डियूटी आदेश जारी करें। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित कलेक्टर (समक्ष) जनसुनवाई कार्यक्रम में संबंधित कार्यालय के सहायक प्राधिकृत अधिकारी/कर्मचारी को समय 11 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक अनिवार्यतः रूप से उपस्थित कराने का कष्ट करें। ताकि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदन/शिकायतों/मांगों के शत-प्रतिशत निराकरण हो सके। कृपया उपरोक्त पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

### जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक द्वारा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित

**अमरकंटक।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकंटक द्वारा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत 18 दिसंबर को मां शारदा कन्या विद्यापीठ, अमरकंटक में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आशीष शुक्ला, महेश्वर द्विवेदी (पीजीटी इतिहास) एवं रमेश कुमार सिंह (सामाजिक विज्ञान) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य आशीष शुक्ला ने कहा कि डॉ. प्रवीण सरकार द्वारा स्थापित मां शारदा कन्या विद्यापीठ आदिवासी एवं निर्धन बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शिक्षा के माध्यम से बालिकाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज की मुख्यधारा से जुड़ रही हैं। प्राचार्य श्री शुक्ला ने राष्ट्रपति महोदया का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, किंतु दृढ़ संकल्प और शिक्षा के बल पर सफलता प्राप्त कर देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाकर आत्मनिर्भर बनें और समाज व राष्ट्र को गौरवान्वित करें। इस अवसर पर छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा छात्राओं को ज्योमेट्री बॉक्स, ड्राइंग कॉपी एवं रंग सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मां शारदा कन्या विद्यापीठ के शिक्षक प्रवीण द्विवेदी, मिहिर पाल सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय एवं समाज के बीच सहभागिता को मजबूत करना तथा बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा।

### उपलब्धियों के 25 वर्षों का हुआ भव्य शंखनाद

# 'आरोहण-2025': एमजीएम के रजत जयंती महोत्सव में बिखरे कला के रंग



**शिक्षा, प्रशासन और समाज के दिग्गजों की मौजूदगी में संपन्न हुआ ऐतिहासिक समारोह**



### 25 वर्षों की अनवरत सेवा के लिए समर्पित कर्मचारी हुए सम्मानित

**धनपुरी।** शिक्षा की ज्योत जलाकर अंधकार को मिटाने और संस्कारों की नींव पर भविष्य का निर्माण करने वाले प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान एमजीएम विद्यालय बुढ़ार ने अपनी स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती समारोह 'आरोहण-2025' गरिमा, भव्यता और सांस्कृतिक उल्लास के संगम के रूप में संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस महाकुंभ में शिक्षा, प्रशासन, उद्योग और आध्यात्मिकता के दिग्गजों ने शिरकत कर आयोजन को यादगार बना दिया।

### मूल्य आधारित शिक्षा का सशक्त केंद्र

समारोह के मुख्य अतिथि शहडोल के अपर कलेक्टर शिवम प्रजापति (आईएएस) रहे। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यालय की 25 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा को अनुकरणीय बताया, उन्होंने कहा किसी संस्थान के लिए 25 वर्ष केवल समय का अंतराल नहीं, बल्कि हजारों भविष्य गढने की तपस्या है। एमजीएम विद्यालय ने जिस प्रकार शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ नैतिक मूल्यों का समन्वय किया है, वह इसे समाज में शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बनाता है।

### बिशप की अध्यक्षता में आध्यात्मिक और बौद्धिक समागम

समारोह की अध्यक्षता एमजीएम समूह के प्रबंधक बिशप हिज़ ग्रेस एलेक्सियोस मार यूसेबियस ने की। उन्होंने अपने आशीष वचनों में सेवा और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में धनपुरी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा और एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के जीएम (ऑपरेशन) मनीष श्रीवास्तव मंचासीन रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद विद्यालय के प्राचार्य रेव. फादर डाइनू कुरियन ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए विद्यालय की विकास यात्रा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

### पूर्व प्राचार्यों का सम्मान और स्मृतियों का झरोखा

यह आयोजन पुरानी यादों को ताजा करने और नींव रखने वालों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी अवसर था। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य रेव. फादर जेम्स गीवरगीस एवं रेव. फादर कुरियन जॉन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके कार्यकाल में विद्यालय ने जो अनुशासन और शैक्षणिक मानक स्थापित किए थे, उन्हें याद करते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। यह क्षण भावुक और प्रेरणादायक था, जब नए और पुराने नेतृत्व ने एक साथ मंच साझा किया।

### कर्मठता का सम्मानः रजत जयंती के 'रत्न'

संस्थान की प्रगति में रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले उन कर्मचारियों को भी मंच पर विशेष सम्मान दिया गया, जिन्होंने विद्यालय को अपने जीवन के 25 वर्ष समर्पित किए हैं। निष्ठा और दीर्घकालीन सेवाओं के लिए श्रीमती लिगी मनोज, श्रीमती बिनु विनोद और जॉन पी. थॉमस को सम्मानित किया गया। जब इन कर्मठ सहयोगियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, तब पूरा पंडाल करतल ध्वनि से गूंज उठा।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

आरोहण-2025 के मंच पर जब नन्हे कलाकारों ने कदम रखे, तो पूरा वातावरण कलात्मक आभा से सराबोर हो गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की विविधता, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक शिक्षा के महत्व को दर्शाया। पारंपरिक नृत्यों से लेकर समकालीन नाटकों तक, हर प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास और महीनों की कड़ी मेहनत साफ झलक रही थी। उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### अनुशासन और गुणवत्ता का नाम है एमजीएम

समारोह के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि एमजीएम विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि इसने बुढ़ार और आस-पास के क्षेत्रों के सामाजिक और बौद्धिक उत्थान में महती भूमिका निभाई है। वक्ताओं ने कहा कि 25 वर्षों की यह यात्रा अनुशासन, नवाचार और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

### भविष्य का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य रेव. फादर डाइनू कुरियन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षण स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकल्प दोहराया कि विद्यालय आने वाले दशकों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और चरित्र निर्माण के अपने मिशन को और अधिक ऊर्जा के साथ जारी रखेगा। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। इस गौरवशाली उत्सव ने न केवल विद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित किया, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल भी पेश की।

### मेधावी छात्र और खिलाड़ी सम्मानित

एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की शैक्षणिक और खेल प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स और राज्य स्तरीय खिलाडिय़ों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए विज्ञान से आर्यन पटेल, वाणिज्य से अर्पिता तिवारी व दिव्यांगना सिंह, तथा आईसीएसई से अनुभव मिश्रा (विज्ञान) एवं गीत जैन (वाणिज्य) को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासन की सराहना की। खेल के क्षेत्र मंी विद्यालय का मान बढ़ाने वाले राज्य स्तरीय खिलाडिय़ों का भी अभिनंदन किया गया। इसमें फुटबॉल के लिए लक्ष्य वर्मा व यश सिंह, फुटबॉल एवं सेपक-टाकराव के लिए सौम्या ओट्टी, बैडमिंटन के लिए पार्थ गुप्ता और क्रिकेट के लिए मीमांश शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने इन उपलब्धियों को संस्थान के लिए ऐतिहासिक बताया।

## पाली के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 से पुष्पलता सिंह निर्विरोध निर्वाचित



**उमरिया।** रिटर्निंग आफीसर पंचायत उप निर्वाचन एवं एसडीएम पाली मिनांक्षी इंगले ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन 2025 अंतर्गत जनपद पंचायत पाली के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 08 से पुष्पलता सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुईं है। इसी तरह ग्राम पंचायत के पंच पद हेतु सेमरिहा वार्ड क्रमांक 04 से देवशरण बैगा, मुदरिया वार्ड क्र 01से मेलकुमार सिंह, वार्ड क्रमांक 17 से कृष्णा सिंह, मंगठर वार्ड क्रमांक 12 से राकेश सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए, जिन्हे विजयी होने का प्रमाण पत्र दिया गया।



## नव आरक्षक प्रशिक्षुओ का जंगल कैम्प प्रारंभ



**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), राजा बाबू सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया के पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य के निर्देशन में 39वां नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं का जंगल कैंप का औपचारिक प्रारंभ पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया द्वारा लवली सोनी प्रभारी (बाह्य प्रशिक्षण) एवं बाह्य प्रशिक्षण की समस्त टीम की उपस्थिति में किया गया। पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया द्वारा प्रशिक्षुओं को पुलिस के कर्तव्य पालन में जंगल कैंप के महत्व के बारे में बताया गया उसके बाद प्रशिक्षुओं को कैंप अलर्ट के बारे में बताया गया एवं कैंप अलर्ट की कार्रवाई कराई गई।



## मोहन पाव की नियुक्ति से इंटक जमुना कोतमा क्षेत्र में संगठन मजबूत



**हरिभूमि न्यूज जमुना कोतमा।** साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) ने जमुना कोतमा क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में अहम निर्णय लिया है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, अनूप त्रिपाठी (क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष) एवं करण लाल (महामंत्री) के स्थान पर मोहन पाव को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। मोहन पाव की नियुक्ति की खबर से क्षेत्र के श्रमिकों एवं इंटक कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। मजदूरों का कहना है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया जाएगा। इस अवसर पर रमेश कुशवाहा, संजय पटेल, करण लाल, राम सिंह, राम किशोर, मोहम्मद इकरार, अनूप विश्वकर्मा, रोहित गुप्ता, दीप नारायण, बी.डी. सिंह, भूपेंद्र सिंह, अजीत सिंह, सोनू, एम.एल. अंसारी, नरुल हसन, मयंक त्रिपाठी, जीवेश सिंह, पवन रुंगटा, सरोज लोधी, संतोष गुप्ता, योगेश सिंह, हरीश रजक, इंद्रलाल केवट, अनिल श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, संतलाल, नूर मोहम्मद, तन्हा, मानवेंद्र मिश्रा, रामखेलावन राठौर, अजीज खान, सुरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, दुर्गा सिंह, साबिर हुसैन, एजाज गुल, शेर अहमद, लल्लू राम, अनिल शर्मा, ओमकार अग्निहोत्री, पंकज सोनी, शिवनारायण, धर्मेंद्र मिश्रा, राजदेव तिवारी, राजकुमार द्विवेदी, सुरेश राठौर, बाल्मिक राठौर, रामभूषण केवट, रामाधार केवट सहित क्षेत्र के अनेक पत्रकार बंधुओं ने मोहन पाव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने इस नियुक्ति पर केंद्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल नारायण सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगा।

## बेलिया बड़ी पंचायत में स्वच्छता भारत मिशन की उड़ रहीं धज्जियां

### जनप्रतिनिधियों ने साधा मौन, तत्काल कार्यवाही की मांग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** एक ओर जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली के द्वारा बैठक करते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिम्मेदारों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरों एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता बनाए रखना के निर्देश दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बेलिया बड़ी का है जहां सड़कों पर निस्तार का गंदा पानी बह रहा है, लेकिन जनप्रतिनिधि मौन नजर आ रहे हैं।

### स्वच्छता की उड़ रही धज्जियां

प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन को ग्राम पंचायत बेलिया बड़ी में खुलेआम ठेंगा दिखाते हुए धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गांव की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। पंचायत के जिम्मेदारों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के कारण गांव की नालियां जाम हो चुकी हैं और घरों के निस्तार का गंदा पानी अब मुख्य के सड़कों पर बह रहा है।

### मुख्य मार्ग बना नाला

बेलिया बडी गांव के ग्रामीण जनों ने सोसल मीडिया में एक फोटो वीडियो पोस्ट करते हुए प्रशासन को जगाने का प्रयास कर बताया कि ग्रामीणों के साथ ही राहगीर परेशान हैं गांव के मुख्य मार्गों की स्थिति यह है कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण कीचड़ और



बदबूदार पानी सड़कों पर जमा हो गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को इसी गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

### जिम्मेदारों की उदासीनता

हैरानी की बात यह है कि स्वच्छता के नाम पर हर साल लाखों का बजट खर्च किया जाता है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि नालियों की सफाई कई वर्षों से नहीं करवाई गई है। शिकायत करने के बावजूद पंचायत सचिव और सरपंच इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ना जाने किसके दबाव में कार्य करते हैं जनता की समस्या के समाधान के लिए चुने गए हैं न की व्यक्ति विशेष के लिए जनप्रतिनिधि चुनाव के समय किए वादों को भूलकर अब इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### ग्रामीणों में आक्रोश

स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नालियों की सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो वे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत के कामकाज की जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि गाँव की गलियां गंदगी से बजबजा रही हैं, लेकिन प्रशासन गहरी नींद में सोया है। क्या इसी तरह स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा।

### इनका कहना है

समस्या ग्राम पंचायत में बनी हुई है और यह समस्या जीवन भर बनी रहेगी पिछले तीन वर्षों से हम प्रयास में हैं लेकिन नाली नहीं बन पा रही है। हमारे पास बजट नहीं है प्रस्ताव लेकर सांसद मद से पास कराया गया है लेकिन कलेक्टर महोदय का अनुमोदन नहीं होने के नाली निर्माण नही हो पा रहा है।

**बल्लू कोल, सरपंच**
**ग्राम पंचायत बेलिया बडी**

---

मै दो-तीन महीने पहले ही पंचायत में आई हूं मुझे इसकी ज्यादा जानकारी नहीं है और मैं वर्तमान में बाहर हूं, आकर बात करती हूं।

**नंदनी गुप्ता सचिव**
**ग्राम पंचायत बेलिया बडी**



## कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष ने नवनिर्मित मुक्तिधाम का किया अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल आज अमरकंटक प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा निर्मित नव-निर्मित एवं सुव्यवस्थित मुक्तिधाम का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान रौतेल ने मुक्तिधाम की संरचना, उपलब्ध सुविधाओं एवं आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की। उन्होंने मुक्तिधाम को और अधिक सुव्यवस्थित, जनोपयोगी तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के संबंध में आवश्यक सुझावों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज से मुक्तिधाम में भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों, सुविधाओं के विस्तार एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। स्वामी महाराज ने आश्रम की भावी योजनाओं तथा समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी भी साझा की। रामलाल रौतेल ने आश्रम द्वारा किए जा रहे सेवा, साधना एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक एवं जनकल्याणकारी कार्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। निरीक्षण के दौरान रौतेल ने जिला कलेक्टर महोदय से दूरभाष पर चर्चा कर मुक्तिधाम में और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विचार किया। उन्होंने सड़क, बिजली, स्नान हेतु घाट, पेयजल सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर स्वामी जगदीशानंद महाराज विनोद कारकी आश्रम से जुड़े पदाधिकारी, साधक गण एवं अनेक गणमान्य नागरिक पत्रकार उमाशंकर पाण्डेय मुन्नू उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 16.92 लाख रुपये से सी.सी. नाली निर्माण का भूमिपूजन

**कटनी।** नगर के जगमोहन दास वार्ड क्रमांक 11 में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और अहम पहल करते हुए सी.सी. नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। नाली निर्माण कार्य डॉ. डी.पी. साहू के निवास के समीप एवं वार्ड के विभिन्न स्थानों पर लगभग 16 लाख 92 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक रामलखन चतुर्वेदी द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य कराए जा रहे हैं।

### पंच जलकुंड धाम झिरिया घाट की हुई सफाई

**कटनी।** विकासखंड बड़वारा के प्रस्फुटन ग्राम पंचायत पथवारी में जल संचय अभियान को लेकर दत्तात्रेय आश्रम में सेक्टर स्तरीय बैठक ली गई। बैठक में सेक्टर स्तरीय समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू छात्र उपस्थित रहे। जिसमें जल संचय पर चर्चा करते हुये कार्ययोजना बनाई गई। बैठक के उपरांत पंच जलकुंड धाम झिरिया घाट में निरीक्षण कर साफ-सफाई का कार्य किया गया।

### निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने रामनिवास सिंह वार्ड एवं सीएल वार्ड की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर जायजा लिया। निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने हेतु सभी मार्गों की नियमित सफाई कराने तथा वार्डो की संभावित चोक होने वाली नालियों के स्थलों का निरीक्षण कर रोजाना जल निकासी के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों को हिदायत देते हुए कहा कि आप लोग स्वयं रोजाना वार्डो की समस्त गलियों का निरीक्षण करें, कही भी कचरे का ढेर पाए जाने पर उसकी तत्काल सफाई कराना सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थलों की नालियों के क्षतिग्रस्त पाये जाने पर उक्त नालियों के सुधार कार्य का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए।

### ऐंताझर प्रीमियर लीग-2 का समापन,डीसीआई बनी चैंपियन

# हार से निराश न हो, जीतने की सीख लें





**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय से लगे ग्राम ऐंताझर में आयोजित ऐंताझर प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रोमांच, उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में दूधी क्रिकेट इलेवन (डीसीआई) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान ऐंताझर को एक विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। अंतिम क्षणों तक चले इस रोमांचक मुकाबले में दूधी की टीम ने 14.5 ओवर में 9 विकेट खोकर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिससे मैदान में मौजूद दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ग्राम ऐंताझर में पिछले 12 दिनों से चल रहे प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट टूर्नामेंट में अंचल की 32 क्रिकेट टीमों के करीब 382 खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला ऐंताझर और दूधी क्रिकेट इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर ऐंताझर टीम के कप्तान प्रतीक शर्मा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 15 ओवरों में 183 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। ऐंताझर के बल्लेबाजों ने आक्रामक और संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए चौकों-छक्कों की मदद से रन बटोरे और दूधी के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। बड़े स्कोर के कारण मुकाबला शुरू से ही रोमांचक बन गया।जवाबी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी दूधी क्रिकेट इलेवन ने तेज शुरुआत की, लेकिन मैच के दौरान लगातार विकेट गिरते रहे। इसके बावजूद दूधी के बल्लेबाजों ने धैर्य और जुझारूपन दिखाते हुए रन गति बनाए रखी। हालांकि ऐंताझर टीम के खराब क्षेत्ररक्षण के कारण अंतिम ओवरों में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया और दर्शकों की नजरें हर गेंद पर टिकी रहीं। अंततः दूधी की टीम ने 14.5 ओवर में 9 विकेट खोकर 187 रन बनाते हुए एक गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर टूर्नामेंट की विजेता बनी।

क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस अधिकारी अमरपाल सिंह उपस्थित रहे। पूर्व आईएएस श्री सिंह ने संबोधन में कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है, जो जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम ऐंताझर के सरपंच मैकू बैगा ने की।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता, आदित्य अस्पताल के डायरेक्टर एवं प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.आदित्य द्विवेदी, सिंहपुर थाना प्रभारी निरीक्षक एम.एल. राहंगडाले,अधिवक्ता गिरीश श्रीवास्तव के साथ पंच मनोज श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव सुजीत श्रीवास्तव, विभोर श्रीवास्तव भी मंचासीन रहे।

फाइनल मुकाबला का शुभारंभ पूर्व आईएएस अधिकारी अमरपाल सिंह एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर किया। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए सुशील शर्मा ने क्रिकेट टूर्नामेंट की रूपरेखा, उद्देश्य एवं आयोजन से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 12 दिनों में करीब 400खिलाडिय़ों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि इससे उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित होती हैं।
भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं आदित्य अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. आदित्य द्विवेदी खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों टीमों के खिलाडिय़ों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, इससे किसी टीम निराश होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि हार से ही आगे बढने जीतने की सीख मिलती है।खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए सिंहपुर थाना प्रभारी एम.एल. राहंगडाले ने भी कहा कि हार से ही जीत का मार्ग प्रशस्त होता है। वक्ताओ ने ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के खेल आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए फायदेमंद बताया। समापन समारोह में विजेता टीम दूधी क्रिकेट इलेवन को अतिथियों द्वारा 25 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता ऐंताझर टीम को 12 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब राहुल बैगा को 1000 रुपये नगद, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अजय बैगा को 500 रुपये नगद प्रदान किया गया। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन का खिताब शिवम सिंह तथा बेस्ट बॉलर का खिताब पवन बैगा को दिया गया। फाइनल मुकाबले में स्कोरर की भूमिका अल्तमस अंसारी ने निभाई, जबकि अंपायरिंग प्रदीप नापित ने की। कमेंट्री संतोष द्विवेदी एवं अरविंद शर्मा द्वारा की गई। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में प्रतीक शर्मा, उग्रसेन कोल बंटी, शिवम सिंह, रितेश सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, सुजीत श्रीवास्तव, सुभाष द्विवेदी, केशव कोल, गोविंद सिंह, अभिलाष बैगा, कामता बैगा, विवेक बैगा, अंकुर सिंह, नरेश कोल, ईशु चौधरी सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता गिरीश श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

## पोषण कार्ड के माध्यम से दी जा रही पोषण आहार की जानकारी



उमरिया। प्रशासनिक स्तर पर कुपोषण दूर करने हेतु कमिश्नर शहडोल एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नई पहल की जा रही है जिसमें पोषण थाली, पोषण पजल एवं जागरूक माता पिता सम्मान समारोह शामिल है।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि गत दिवस वार्ड क्रमांक 15 उमरिया, आंगनबाडी केंद्र पिपरिया, आंगनबाडी केंद्र भौतरा तथा वार्ड क्रमांक 5 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक आंगनबाड़ी में कुपोषण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंग बिरंगे फ्लैश कार्ड और रंग बिरंगी थालियों के माध्यम से पोषण आहार की जानकारी दी गई ।कुपोषित बच्चों के परिवार जन को समझाइश के रूप में वजन बढ़ाने वाले पौष्टिक भोजन,हरी सब्जिया फल, सुपुष्टि चूर्ण के रूप में मुरमुरा गुड चना इत्यादि सामग्री का मिश्रण तैयार करने एवं सहजन की पत्तियों का पाउडर बनाकर बच्चो को खिलाने की समझाइश जा रही है, साथ ही साथ जो कुपोषित बच्चे अब स्वस्थ हो चुके हैं, उन के माता-पिता का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिससे अन्य परिवारजनों का उत्साह बढ़ सके।

## गंदगी फैलाने पर 8 लोगों पर 1600 रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करने के दिए निर्देश के बाद हरकत में आई निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों में चलाए गए अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वाले 8 प्रतिष्ठान संचालकों पर एक हजार 600 रूपये की जुर्माने की कार्यवाही की गई।स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की दिशा में निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य के साथ निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा बुधवार प्रातः वार्ड क्रमांक 30 में अभियान चलाकर 3 दुकानदारों सौरभ किराना स्टोर,राजा चाय पान भंडार तथा फौजी किराना स्टोर द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाते पाए जाने पर प्रत्येक पर 200 रुपये कुल 600 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। वही देर शाम जगन्नाथ चौक से मिशन चौक मार्ग में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाते पाए जाने पर 5 दुकानदारों के विरुद्ध 1 हजार रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई।

## एसईसीएल ने रेस्क्यू टीम को किया सम्मानित, प्रियंका मिश्रा को तीसरी बार रेस्क्यू कैप्टन अवार्ड





**अमलाई।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के सोहागपुर क्षेत्र में कार्यरत रेस्क्यू टीम को सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भूमिगत खदानों एवं ओपन कास्ट खदानों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आपातकालीन एवं विषम परिस्थितियों में तत्परता के साथ कार्य करने तथा प्राथमिक उपचार के माध्यम से श्रमिकों को लाभ पहुंचाने के लिए सोहागपुर क्षेत्र प्रबंधन द्वारा रेस्क्यू टीम को प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र एवं अवार्ड प्रदान किए गए।इस अवसर पर रेस्क्यू टीम की कैप्टन प्रियंका मिश्रा को लगातार तीसरी बार रेस्क्यू कैप्टन अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रियंका मिश्रा नगर परिषद बरगवां की निवासी रामदयाल उरमलिया की सुपुत्री हैं और विगत तीन वर्षों से सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत अपनी सेवाएं दे रही हैं। सुरक्षा एवं रेस्क्यू कार्यों में निरंतर सजगता, प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के चलते वे लगातार तीन वर्षों से यह उपलब्धि हासिल कर रही हैं।प्रियंका मिश्रा की इस सफलता पर उनके परिवारजनों, एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी।

## 108 महासंकल्प श्रीराम कथा महोत्सव की 58वीं रामकथा संपन्न



**ब्यौहारी-** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत। मउ चिपाडनाथ धाम मंदिर प्रांगण में सनातन धर्म प्रचारक देवानंद शास्त्री जी महाराज चित्रकूट के सानिध्य में पं रमाशंकर दास जी महाराज के द्वारा कथा का वाचन किया गया सात दिन रामकथा के वाद भंडारे का आयोजन किया गया प्रतिवर्ष होनेवाली इस रामकथा कथा के आयोजन में चिपाड नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पद्ममपाणि द्विवेदी एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से श्री राम कथा का आयोजन किया गया देवानंद शास्त्री द्वारा बताया गया की पूरे भारत में पंजाब, दिल्ली, भोपाल भारत के क ई प्रदेशों 57 कथायें संपन्न हो चुकी हैं 18 दिसंबर को कथा का समापन एवं भंडारे का आयोजन हुआ भंडारे में हजारों भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया श्री राम कथा के समापन में कार्यक्रम में सरपंच शैलेंद्र सिंह भन्नी ,भमरहा के सरपंच राम लखन गुप्ता, डॉ अशोक तिवारी पत्रकार, आदित्य देव सिंह, अंकुर तिवारी, सूर्यकांत पांडे छोटू मुढेरिया मझौली हीरालाल साहू सामाजिक कार्यकर्ता सहित हजारों क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए।

## समाज के लोगों को एकजुट होकर नशा को करना होगा खत्मः हिमांशु तिवारी



**उमरिया-** नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया दवाई शासकीय विद्यालय,बरबसपुर बिरसिंहपुर पाली में नशा मुक्ति जागरूकता, साइबर सतकर्ता एवं सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता विषयों पर विद्यार्थियों से संवाद किया गया एवं विद्यार्थियों को नशा न करने व नियमों का पालन करने के लिए जागरूक व प्रेरित कर शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्राचार्य मैथिलीशरण पांडे ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि नशे के प्रकार, नशा एक बीमारी है, नशे की बीमारी से मुक्ति, नशे के बारे में पैदा हुई गलत धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने बारे लोगों को जागरूक किया गया। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने साइबर की जानकारी देते हुए कहासाइबरक्राइम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कई बार लोग अनजाने में साइबर क्राइम कर बैठते हैं या इसका शिकार हो जाते हैं। अगर हम इसके प्रति जागरूक होंगे तो इससे हमें ही समाज को कोई नुकसान होगा। साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है।उन्होंने सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए बताया किट्रैफिक नियमों का सम्मान, शराब पीकर वाहन न चलाएं, सड़क के सबसे बड़े दुश्मन चार, नशा, नींद, रफ्तार और अधिक भार। इसके अलावा ज़ेबरा क्रॉसिंग का प्रयोग करने संबंधित जागरूक किया। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने कहा कि नशे पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, नशा भी छोड़ा जा सकता है, इसके लिए संकल्प लेना जरुरी है। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य मैथिली शरण पांडे ,शिक्षिका तनुजा पटेल,वीरेंद्र गर्ग,योगेंद्र प्रताप,वालंटियर हिमांशु तिवारी, राहुल सिंह व युवा टीम सदस्य एवं 250 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## ठण्ड से खुद को बचाना आवश्यक

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** तापमान में लगातार गिरावट के कारण नगर एवं आसपास के क्षेत्र में दिनों दिन ठंड बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि सुबह ओस नुमा बूंदे भी दिखने लगी हैं। शुक्रवार को नगर मे घना कोहरा छाया रहा धुंध के कारण सड़क में चलने वाले नजर ही नही आ रहे थे वाहन चालक वाहनों की हेड लाइट जलाकर धीमी गति से वाहन चलाते नजर आते। सुबह 11 बजे तक धूप नही निकली। दोपहर बाद जैसे ही धूप निकली लोग धूप मे तापते नजर आ रहे थे। दिनभर शीत लहर का प्रकोप छाया हुआ था।बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को सावधानी रखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। ठंड धीरे-धीरे अपना दायरा बढ़ाते जा रही है। जो अब रात में तापमान 7 डिग्री के आसपास होने लगा है शाम होते ही लोग गर्म कपड़ों के साथ अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। मौसम के जानकारो के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट आने की संभावना बनी हुई है। पिछले दो-तीन दिनों से ठंड के साथ शीत लहर का भी प्रकोप जारी है। ठंड के कारण बच्चों को सुबह स्कूल जाने में कपकपाते देखा जा सकता है वहीं ठंड से सबसे ज्यादा वृद्धो को परेशानी हो रही है।

### डाक्टरों की सलाह

ठंड में सांस और हृदय रोगियों की दिक्कतें बढ़ने लगती है। ठंड के कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने, हाइपोथर्मिया और नसों व जोड़ों का दर्द भी बढ़ने लगता है। डॉ. विकास पाण्डेय ने बताया कि सर्दियों में राइनो वायरस की सक्रियता बढ़ जाती है। इससे खासी, जुकाम के साथ फेफड़ों में इंफेक्शन और सांस की नली में सूजन से सांस फूलने क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज-सीओपीडी की दिक्कत बढ़ जाती है। इसके अलावा ठंड बढ़ने से हाइपोथर्मिया होने का डर रहता है। इस बीमारी में ब्लड प्रेशर कम होने और शरीर के विभिन्न अंगों के ठीक से काम करने में परेशानी होने लगती है। ठंड में खून की नसें सिकुड़ने की वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ने से हार्ट अटैक का डर भी रहता है।

### ऐसे करें बचाव

डॉ. केएल दीवान ने बताया कि ठंड से बचें, अत्यधिक ठंड में सुबह या शाम को टहलने न निकले बाहर निकलना बहुत जरूरी हो तो पूरे गर्म कपड़े पहनकर रखे । इम्यूनिटी पावर बढ़ाने के हाईप्रोटीन डाइट युक्त मोटी दालें और विटामिन सी युक्त मौसमी फल खानपान में शामिल करें। गुनगुना पानी नियमित अंतराल पर पीते रहें। अगर बीपी या हार्ट की दवा लेते हैं तो इसे नियमित रूप से लेते रहें और नियमित अंतराल पर डॉक्टर की सलाह भी जरूर लें।

## एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम में समूहों को किया गया जागरूक

### न्यूट्रीशन इंटरनेशनल के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम।

**ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के सभागार मेंन्यूट्रीशन इंटरनेशनल, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम के तहत माध्यन भोजन के समूह संचालकों, रसोईया को फोर्टीफाइड चावल एवं नमक के उपयोग के बारे जागरूक किया गया बताया गया कि शा. उचित मूल्य दुकानों से मिल रहा है पोषण युक्त चावल और नमक ।जिले की सभी शासकीय उचित मूल्यदुकान से राशन प्राप्त हितग्राहियों को सूचित किया जाता है की वर्तमान में शासन द्वारा फोर्टीफाइड चावल (आयरन, विटामिन B-12 एवं फोलिक एसिड युक्त) एवं"वन्या प्लस"डबल फोर्टीफाइड नमक (आयोडिन एवं आयरन युक्त) का वितरण किया जा रहा है, जिसके सेवन से खून की कमी (एनीमिया) दूर होती है।फोर्टीफाइड चावल जनवरी 2023 से मध्य प्रदेश के सभी जिलों में वितरित किया जा रहा है चावल को फोर्टीफाइड करने के लिए सामान्य चावल में आयरन विटामिन बी 12 फोलिक एसिड से युक्त फोर्टीफाइड चावल के दाने एक प्रतिशत की मात्रा 100 किलोग्राम सामान्य चावल में 1 किलोग्राम फोर्टीफाइड चावल के दाने मिलाये जाते हैं फोर्टीफाइड चावल के दाने सामान्य चावल की तरफ दिखते हैं फोर्टीफाइड चावल के दाने पकाते या धोते समय अलग-अलग दिखे तो चावलों को अलग ना करें और इनका सामान्य चावल की तरह सेवन करें कृपया ध्यान रखें यह प्लास्टिक चावल नहीं है बल्कि पोषण युक्त चावल है अतः भ्रामक जानकारी से बचें इसी प्रकार आयोडीन एवं आयरन युक्त फोर्टीफाइड नमक वन्या प्लस नाम से मध्य प्रदेश के 20 जिलों आदिवासी बाहुल्य की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में ₹1 प्रति किलो की दर से प्रदान किया जा रहा है आम जनों में यह भ्रम है कि उक्त डबल फोर्टीफाइड नमक में कले बारीक कण मिलाये गए हैं जो वास्तविकता में आयरन लौह तत्व के कण हैं इसके सेवन से खून की कमी दूर होती है फिर भी अगर आप कोई भी अन्य सवाल यह जानकारी चाहिए तो गांव के कंट्रोल दुकानदार से संपर्क करें
उक्त कार्यक्रम में न्यूट्रीशन इंटरनेशनल के संभागीय समन्वयक पवन मुदगल ,श्रीमती आभा खरे मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी ,यूएस पेंड्रो खंड पंचायत अधिकारी, मनोज केशरवानी समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र ब्योहारी, शिवबहादुर सिंह एमडीएम प्रभारी प्रभारी जनपद शिक्षा केन्द्र ब्योहारी, अंकुश दासवानी एमडीएम प्रभारी जनपद पंचायत ब्यौहारी उपस्थित थे ।

**खबर संक्षेप**

### रामपुर बटुरा खदान पर आर-पार की जंग

**शहडोल।** सोहागपुर एरिया की रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के प्रभावित किसानों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। पिछले कई दिनों से आक्रोशित किसानों ने प्रबंधन और प्रशासन को सीधी चेतावनी दी थी कि यदि 19 तारीख तक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो खदान का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। इस गंभीर चेतावनी के बाद हरकत में आए सोहागपुर जीएम बी.के. जैना और बिलासपुर मुख्यालय से आए राजस्व विभाग के जीएम शरद तिवारी ने दो दिनों तक लगातार किसानों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें कीं।

लगातार 18 और 19 दिसंबर को चली मैराथन वार्ताओं के बाद, किसानों ने नए महाप्रबंधक और मुख्यालय के अधिकारियों की सूझबूझ पर भरोसा जताते हुए एक सप्ताह का समय दिया है। हालांकि, किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि यह महज विराम है, समाधान नहीं। यदि सात दिनों के भीतर उनकी वाजिब मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो बगैर किसी पूर्व सूचना के खदान को संपूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा।

20 दिसंबर की सुबह प्रबंधन और प्रमुख प्रतिनिधियों के बीच एक निर्णायक बैठक होनी है।

**किसके सिर सजेगा भाजपा मण्डल अध्यक्ष का ताज**

# चेहरे पर निर्भर भविष्य की भाजपा, फिर किया जायेगा 'रिपीट' अथवा नये चेहरे को 'तवज्जो'

## 8 वर्षो से नही मिल पा रहा भाजपा को मण्डल अध्यक्ष का नया चेहरा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

पार्टी की ओर से मंडल अध्यक्षों के लिए कराई गई रायशुमारी के बाद बीजेपी के नेता सांसें थामे अनूपपुर मे मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। यहां तक कि नीचे से लेकर ऊपर तक के नेताओं के यहां हाजिरी लगाने का दौर जारी है। अनूपपुर मे एक ही मण्डल अध्यक्ष लगातार 8 साल से रिपीट हो रहे हैं तो इस बार नये चेहरे रूप मे मण्डल अध्यक्ष बनने 8 दावेदार नजर आ रहे हैं। अब देखना होगा कि पार्टी इस बार नये चेहरे को तवज्जो देती है अथवा एक बार फिर पुराने अध्यक्ष को ही रिपीट किया जायेगा। अनूपपुर जिले मे शायद यही एक ऐसा मण्डल है जहां लगातार 8 बार से किसी दूसरे सक्रिय कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनने का मौका नही मिला।



**वेद प्रकाश द्विवेदी** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. ओम प्रकार द्विवेदी के पुत्र हैं एवं पार्टी मे लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ता हैं वही पूर्व मे युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व भाजपा जिला मंत्री जैसे



पदों पर रहते हुये कार्य कर चुके हैं जो मण्डल अध्यक्ष के प्रबल दावेदार मे से एक हैं।



**मनोज दुबे** भारतीय जनता पार्टी के लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ता होने के साथ ही विद्यार्थी परिषद से युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष से लेकर प्रदेश कार्य समिति तक के पदों पर कार्य कर चुके हैं। इन्हे लंबा अनुभव है एवं नगर सहित युवाओं के बीच अच्छी पकड़ व पैठ है। ये पूर्व मे नगर मण्डल भाजपा के महामंत्री भी रह चुके हैं जो मण्डल अध्यक्ष के प्रबल दावेदार हैं।



भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता लालदास राठौर भी मण्डल अध्यक्ष के दावेदार हैं। ये भी पार्टी मे कई दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं एवं पूर्व मे नगर मण्डल के महामंत्री रह चुके हैं, इन्हे भी पार्टी मे अच्छा अनुभव है।



सुभाष पटेल भारतीय जनता पार्टी मे अपनी सक्रियता आज भी बनाये हुये हैं एवं नगर पालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 15 मे बतौर पार्षद जनसेवा कर रहे हैं, इनकी पटेल समाज मे अच्छी पकड़ है। ये भी युवा मोर्चा मे पदों का निर्वहन कर चुके हैं वही पूर्व विधायक व प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल के खास माने जाते हैं, इनका भी दावेदारों मे प्रमुख नाम है।



भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 1 से आने वाले मुकेश राठौर भी मण्डल अध्यक्ष के दावेदारों मे शामिल हैं। ये वर्तमान मे मण्डल भाजपा के मण्डल उपाध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा के खास माने जाते हैं।



भारतीय जनता पार्टी मण्डल के उपाध्यक्ष राजा तिवारी भी मण्डल अध्यक्ष के दावेदारों मे प्रमुख स्थान रखते हैं। यह भी सक्रिय भूमिका मे हैं साथ ही जितेन्द्र सोनी, शिवरतन वर्मा एवं प्रभारी मंत्री के करीबी माने जाते हैं।



बुद्धसेन पटेल भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता होने के साथ ही पूर्व मे आजाद पैनल के छात्र नेता थे। कुछ समय तक एनएसयूआई मे कार्य कर चुके हैं। भाजपा नेता जितेन्द्र सोनी द्वारा इन्हे भाजपा मे शामिल कराया गया जो जितेन्द्र सोनी के खास माने जाते हैं। जितेन्द्र सोनी द्वारा ही इन्हे जिला उपाध्यक्ष बनाया गया था। ये अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह, भाजपा नेता सिद्धार्थ शिव सिंह के खासम खास माने जाते हैं।



भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व सक्रिय कार्यकर्ता बृजेश चतुर्वेदी का भी नाम मण्डल अध्यक्ष के दावेदारों की फेहरिश्त मे शामिल है। पार्टी के भीतर भूमिका को देखते हुये मण्डल अध्यक्ष के प्रमुख दावेदारों मे इन्हे भी माना जाता है।



## जंगल में मिला अज्ञात वृद्ध महिला का शव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अनूपपुर अंतर्गत केकरपानी गांव से लगे जंगल में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृत महिला के शव को बरामद कर कार्रवाई की। इस संबंध में बताया गया कि एक 60 से 65 वर्ष की अज्ञात वृद्ध महिला पिछले कुछ दिनों से कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत केकरपानी, खोलईया एवं डालाडीह में अकेले विक्षिप्त स्थिति मे घूमती रहती थी जिसे कुछ ग्रामीणों द्वारा खाने की सामग्री भी दी जाती रही है जो शुक्रवार की सुबह केकरपानी गांव से लगे जंगल में मृत अवस्था में मिली जिसे कुछ ग्रामीणों ने मृत स्थिति में पड़े होने को देख कर वनरक्षक जगत सिंह मसराम एवं ग्राम पंचायत के सरपंच भवन सिंह को दिए जाने पर सरपंच के द्वारा घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस अनूपपुर दी जिस पर कोतवाली पुलिस के सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचकर मृत वृद्धा के शव का पंचनामा किया। वृद्धा का शव कुछ दिन पूर्व का होने से उसके शरीर में सडन की स्थिति रही। जिसे पीएम हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजा गया घटना की जांच करते हुए अज्ञात वृद्ध महिला की पहचान का प्रयास पुलिस द्वारा की जा रही है।

## इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पर अंततः दर्ज हुई एफआईआर

**हरिभूमि न्यूअनूपपुर/अमरकंटक।**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक के प्रोफेसर नयन साहू पर शुक्रवार को केस द र्ज किया गया है। इन पर यूनिवर्सिटी की छात्रा ने अश्लील हरकतें करने के आरोप लगे हैं। विश्वविद्यालय की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया कि प्रोफेसर नयन साहू ने उसे काम के बहाने अपने केबिन में बुलाया था। वहां उन्होंने न केवल उसके साथ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि उसके सामने ऐसी शर्तें रखीं जो एक शिक्षक और छात्रा के रिश्ते को कलंकित करती हैं। जब छात्रा ने प्रोफेसर की इन अनुचित मांगों का विरोध किया, तो उन्होंने उसे बदनाम करने और उसका शैक्षणिक भविष्य पूरी तरह बर्बाद करने की धमकी देकर डराने की कोशिश की।

**छात्रा को केबिन में बुलाकर अश्लील हरकतें करने के लगे आरोप**

### प्रोफेसर ने खुद को बताया शिक्षक संघ का महासचिव

छात्रा के अनुसार, आरोपी प्रोफेसर ने अपनी धमकियों में अपने पद और रसूख का भी हवाला दिया। उसने खुद को विश्वविद्यालय के टीचर एसोसिएशन का महासचिव बताते हुए छात्रा पर दबाव बनाया कि यदि वह उसकी बात नहीं मानती है, तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस मानसिक प्रताड़ना और दबाव के बावजूद छात्रा ने हिम्मत जुटाई और अमरकंटक थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

### विवि की आंतरिक समिति की रिपोर्ट के बाद एफआईआर

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति ने पहले अपने स्तर पर घटना की जांच की थी। एसडीओपी नवीन तिवारी ने बताया कि समिति ने अपनी जांच का प्रतिवेदन पुलिस को सौंपा, जिसके आधार पर अब आरोपी प्रोफेसर नयन साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 75 (1) (आई) और 351 (2) के तहत केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी लाल बहादुर तिवारी ने बताया कि प्रकरण में पुलिस अब इस मामले के अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## अमरकंटक में संत समागम, पूज्य कौशिक जी महाराज पहुंचे कल्याण सेवा आश्रम



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दिनों संत समागम का पावन वातावरण बना हुआ है। इसी क्रम में देश के सुप्रसिद्ध संत, कथावाचक एवं सनातन धर्म प्रचारक पूज्य कौशिक महाराज अमरकंटक पहुंचे। आगमन पर उन्होंने श्री कल्याण सेवा आश्रम में प्रवास करते हुए आश्रम के संतों से आत्मीय भेंट मुलाकात की। पूज्य कौशिक महाराज अमरकंटक में तीन दिवसीय प्रवास पर हैं। इस दौरान आश्रम परिसर में उनके द्वारा प्रवचन, भजन कीर्तन तथा सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति पर आध्यात्मिक चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। उनके आगमन से क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कल्याण सेवा आश्रम में पूज्य कौशिक जी महाराज ने स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज (प्रबंध न्यासी श्री कल्याण सेवा आश्रम), स्वामी जगदीश आनंद जी महाराज एवं स्वामी सुंदरानंद महाराज से भेंट कर सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, सेवा, साधना एवं आध्यात्मिक जीवन मूल्यों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बताया गया कि पूज्य कौशिक महाराज सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ मां नर्मदा की परिक्रमा करते हुए अमरकंटक पधारे हैं। उनके सान्निध्य में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हो रही है। ज्ञात हो कि पूज्य कौशिक महाराज देश के प्रख्यात सनातन धर्म प्रचारक, कथावाचक एवं आध्यात्मिक गुरु हैं। वे अपनी ओजस्वी वाणी, सरल शैली एवं गहन शास्त्रीय ज्ञान के लिए देशभर में प्रसिद्ध हैं। रामकथा एवं श्रीमद्भागवत कथा के प्रसिद्ध प्रवक्ता सनातन परंपराओं एवं भारतीय जीवन मूल्यों के प्रबल समर्थक है। देश के विभिन्न तीर्थस्थलों एवं आश्रमों में नियमित प्रवचन युवाओं को धर्म, संस्कार, सेवा एवं नैतिकता से जोड़ने का विशेष प्रयास सरल भाषा में गूढ़ धार्मिक विषयों को प्रस्तुत करने की विशिष्ट पहचान पूज्य कौशिक महाराज का जीवन सनातन धर्म के प्रचार प्रसार, समाज में आध्यात्मिक चेतना जागरण एवं मानव सेवा को समर्पित है। उनके सान्निध्य से श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, सदाचार एवं भक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

## सामतपुर तालाब में हुआ श्रमदान व दीवार लेखन




**हरिभूमि न्यूज जमुना कोतमा।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर, सेक्टर 01 के अंतर्गत अनूपपुर नगरपालिका क्षेत्र स्थित सामतपुर तालाब (शिव मारुति मंदिर परिसर) में शुक्रवार, 19 दिसंबर को जल संचयन अभियान के तहत संगोष्ठी, दीवार लेखन एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नदियों एवं तालाबों के संरक्षण हेतु सामूहिक श्रमदान की कार्ययोजना बनाई गई, जिसमें बोरी बंधान एवं साफ-सफाई जैसे कार्य शामिल रहे। अभियान के अंतर्गत उपस्थित नागरिकों को जल संचयन, संरक्षण एवं उसके महत्व की शपथ दिलाई गई। साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दीवार लेखन कर दैनिक जीवन में जल संरक्षण की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता श्रीमती शारदा चौरसिया, अनिल सिंह परिहार (सीएमसीएलडीपी छात्र), सचिन पटेल, अखिल रौतेल, अर्जुन, नेहा कहार, प्रिया सरावगी, मंजूलता सिंह, अर्चना शुक्ला, ममता, आरती, अंजली जयसवाल, दीपक सिंह, प्रस्फुटन समिति सदस्य लक्ष्मी क्षत्रिय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। जल संचयन अभियान का मुख्य उद्देश्य बहते एवं वर्षा जल का संरक्षण कर भू-जल स्तर में वृद्धि, कृषि कार्यों व पशु पक्षियों हेतु जल उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है।

### गोंगपा ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# विभिन्न मांगों पर 15 दिन मे हो कार्यवाही अन्यथा करेंगे आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर अनूपपुर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा टीआर नाग को विभिन्न बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपते हुए उल्लेख किया है कि कोतमा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासियों के जमीनों के मामले कोत्तमा न्यायालय तहसील, एसडीएम एवं कलेक्टर कार्यालय में चल रहे मामले का निराकरण नही होने पर कोतमा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी न्यायालय के चक्कर लगाते परेशान हैं साथ ही कोतमा न्यायालय तहसील में आदिवासियों के जमीन के मामले आवक जावक पंजीयन में पंजीकृत नहीं किया जाता है ऊपर ही ऊपर पेशी चलाते रहते है। जिससे कोतमा विधानसभा क्षेत्र के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है।

### खुले मे हैवी ब्लास्टिंग पर लगे रोक

पेशा अधिनियम 1996 को अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा को मजबूत बनाया जाये ताकि अपने स्थानीय मामलों और संसाधनों पर प्रबंधन स्वयं कर सके अनूपपुर जिले मे पेशा एक्ट कानून का



उल्लंघन किया जा रहा है। कोतमा विधानसभ क्षेत्र मे बर्ष 2014-15 में किसानों की जमीनों को बंटन व्यवस्थापन मे डाल दिया गया है जिससे विधानसभा क्षेत्र के जमीन मालिक परेशान है। कलेक्टर के यहां मामला चल रहा है। जिस पर आवश्यक कार्यवाही की जाये। जिले मे लायसेंसी रेत खदान के अतिरिक्त नदी नालों से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है वाहन मालिको द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से रेत गिट्टी एवं डस्ट का खुला टाली मे परिवहन किया जाता है जिससे रेत, गिट्टी डस्ट हवा में उड़कर सडक में फैलता है जिससे सडक मे चलने वालो को परेशानी का सामना करना पडता है जिले मे संचालित स्टोन क्रेसर से निकलने वाले डस्ट धूल से सडक किनारे रहने वाले रहवासियों को परेशानी का सामना करना पडता है तथा आसपास के वातावरण एवं फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जिससे खेती नहीं हो पाती है स्टोन तोडने के लिये खुले मे हैवी ब्लास्टिंग करने से वातावरण प्रदूषित होता है जिस पर आवश्यक कार्यवाही की जावे। कोतमा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित एसईसीएल एवं प्राईवेट कंपनियां चल रही है जो कि नियमानुसार संचालित नहीं किया जा रहा है साथ ही कंपनियों से जुडे हुए क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार प्रदान नही किया जा रहा है जिससे कोतमा विधानसभा क्षेत्र के युवा अन्य राज्यों में पलायन कर रहे है। क्षेत्र के युवाओं की मांग है कि क्षेत्र के अंतर्गत संचालित एसईसीएल एवं प्राईवेट कंपनियों मे शासन के मापदंण्ड के अनुसार रोजगार प्रदान किया जाये जिस पर आवश्यक कार्यवाही की जाये।

### अमरकंटक मे हुये भ्रष्टाचार पर हो जांच

कोतमा विधासभा क्षेत्र मे संचालित एसईसीएल एवं प्राईवेट कंपनियों द्वारा क्षेत्र के वासियों के लिये मूलभूत सुविधायें जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक भवन, खेलकूद से संबंधित व्यवस्थाओं को संचालित किया जाये जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ मिल सके ।मध्य प्रदेश शासन जल संसाधन विभाग द्वारा आदिवासी उपयोजना मद से स्वीकृत पिपरिया जलाशय निर्माण लागत रूपये 024.65 लाख कराया गया है जिसमे गुणवत्ताहीन नहर निर्माण कराया गया है जलाशय से किसानों को समुचित लाम नही मिल पा रहा है जिस पर जांच कराकर नियमानुसार उचित कार्यवाही किया जाये। जिले मे लाईसेंसी शराब दुकान के अलावा कई ठिकानों पर पैकारी के माध्यम से अवैध देशी-विदेशी शराब की बिक्री की जा रही है जिस पर रोक लगाना अतिआवश्यक है। तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये एवं आबकारी विभाग द्वारा क्षेत्र में जो छापामार कार्यवाही की जाती है उसमे महिला पुलिस के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही की जाये। नगर परिषद अमरकंटक मे बाराती क्षेत्र में करोड़ों रूपये की लागत से आदिवासी भवन निर्माण किया गया है जिसमे जमकर भ्रष्टाचार किया गया है भवन का उद्घाटन होने के पहले भवन खण्डहर में तब्दील हो गया है जिस पर उचित जांच कराई जाये तथा निर्माण एजेंसी व संबंधित अधिकारियों दोषियों के विरूद्ध कढी कार्यवाही की जाये।गुजरतिया बाई पति स्व० दादूराम निवासी ग्राम उमरदा थाना बिजुरी जो अनुसूचित जनजाति वर्ग के है के द्वारा 09.06.2025 को थाना बिजुरी में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि स्व० दादूराम व गुरतिया बाई जो पति पत्नी है पत्नी पत्नी के संयुक्त खाते से मो० जावेद, मो० अब्बास, मो० हनीफ, आसीम, मो० शहबाज, रश्मि पटेल, असफाक अहमद, सद्दाम हुसैन ने मिलकर घोखाधडी करके लगभग 25 लाख रूपये चेक के माध्यम से आहरित कर लिये हैं जिसका आज तक पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई । कलेक्टर की जनसुनवाई मे आवेदन दिया गया लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

### पाठशालाओं की जर्जर स्थिति पर लें संज्ञान

जिले मे संचालित कई प्राथमिक पाठशालाओं की स्थिति जर्जर है पीने के पानी एवं शौचालय जैसे व्यवस्था नही है शिक्षको का अभाव है चूंकि जिला अनूपपुर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। क्षेत्र की जनता की मांग है कि संचालित प्राथमिक पाठशालाओं की स्थिति की जांच कराकर नियमानुसार व्यवस्था की जाये। कोतमा विधानसभा क्षेत्र मे आदिवासियों की भूमि को नक्शा तर्मीम एवं सीमांकन कर संरक्षित किया जाये जिससे आदिवासियों की जमीन बच सके सीमांकन एवं नक्शा तर्मीम न होने पर गैर आदिवासी लोग जबरन कब्जा किये है आये दिन झगडा फसाद होता रहता है प्रशासन से मांग है कि संबंधित आदिवासियों की जमीन का सीमांकन व नक्शा तर्मीम कराकर कार्यवाही किया जाये। जिले मे संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों मे शासन के मापदण्ड अनुसार डॉक्टर एंबुलेंस एवं चिकित्सा संबंधित उपकरण की व्यवस्था कराई जाये। जिले के जनजातीय पेनठानाओं चौरा देवालय को राजस्व रिकार्ड मे दर्ज कराया जाये एवं उनका जीर्णोद्धार कराया जाये। स्कूलों और छात्रावासो मे गुणवत्ता एवं पोषणयुक्त मेन्यू के आधार पर भोजन की व्यवस्था कराई जाये।सी०एम० हेल्पलाईन में शिकायत का समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत का निराकरण करने के पूर्व शिकायतकर्ता पर दबाव बनाकर शिकायत कटवाने के लिये बाध्य किया जाता है।उपरोक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए निवेदन है कि विभिन्न विषयों की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही किया जाये एवं किये गये कार्यवाही से पार्टी को अवगत कराया जाये। पार्टी ने कहा कि यदि उपरोक्त बिन्दुओं पर 15 दिवस के अंदर कोई उचित कार्यवाही नहीं किया गया तब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी विशाल जन आंदोलन के लिये बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### स्कूल में मनाया गया बाल विवाह जागरूकता अभियान

**बरही।** महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बड़वारा के द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल खितौली में लैंगिक उत्पीड़न एवं जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इसका उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करना तथा महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व संरक्षण से जुड़े कानून की जानकारी देना कार्यक्रम उपस्थित पर्यवेक्षक श्रीमती रोशनी गुप्ता द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य बृजेश चौधरी शिक्षक सचिन गुप्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीता रानी सिंह समस्त शिक्षक व छात्र छात्राओं की उपस्थित रही।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** हत्या के प्रयास के आरोपी को झिंझरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार 14 दिसंबर की रात्रि लगभग 01:30 बजे ग्राम पिपरौंध में स्कार्पियो कार **MP** 51 **D** 0187 में बैठे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने शुभम जायसवाल और दीपक जायसवाल के साथ चाकू से मारपीट कर हत्या की कोशिश की।

**न्यायालयः-मनोज कुमार लढ़िया**
**प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर, जिला-अनूपपुर म.प्र.**
प्रो. क्र.-230 न्याया./2025 अनूपपुर,दिनांक 15.12.2025
(धारा-13 हिन्दु विवाह अधिनियम)
प्रोसेस क्रमांक. 230/2025
प्रकरण क्रमांक. 18 / 2024
तारीख पेशी - 22.12.2025

प्रीतम सिंह आयु लगभग-35 वर्ष पिता वीर सिंह गोड निवासी ग्राम बेलगांव तहसील व जिला अनूपपुर म.प्र....आवेदिका
बनाम
श्रीमती दुलेश्वरी पत्नी प्रीतम सिंह उम्र लगभग-32 वर्ष निवासी ग्राम कोलमी थाना व तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र....अनावेदिका

**इश्तहार**

प्रति,
श्रीमती दुलेश्वरी पत्नी प्रीतम सिंह उम्र लगभग - 32 वर्ष निवासी ग्राम कोलमी थाना व तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र.
क्योंकि आवेदक प्रीतम सिंह ने आपके विरूद्ध हिन्दु विवाह अधिनियम प्रकरण क्रमांक-18/2024 प्रीतम सिंह बनाम दुलेश्वरी आवेदन अन्तर्गत धारा - 13 हिन्दु विवाह अधिनियम का प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है।इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने किसी अधिकृत अधिवक्ता के द्वारा जिन्हे प्रकरण के तथ्यों का सम्यक ज्ञान हो के द्वारा आगामी सुनवायी तिथि 22.12.2025 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें एवं जिन दस्तावेजो पर आप विश्वास करते हैं उन्हें भी प्रस्तुत करें । आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण की सुनवाई की जाकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जा सकेगा। उक्त दिनांक 22.12.2025 अवकाश घोषित हो जाने पर अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थिगित हो जाने पर प्रकरण की सुनवायी अगले कार्य दिवस को की जावेगी । आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(मनोज कुमार लढ़िया)
प्रधान न्यायाधीश
सील
कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर म.प्र.

कृपया ध्यान दें :- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण की सुनवाई में लिया जायेगा ।

## अंकित को मिली बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस की कमान

**शहडोल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए जिले के महत्वपूर्ण बुढ़ार ब्लॉक की जिम्मेदारी युवा और कर्मठ नेता अंकित सिंह को सौंपी है। अंकित सिंह के नाम की घोषणा होते ही बुढ़ार सहित पूरे जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विशेषकर युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसे कांग्रेस हाईकमान का एक बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है कि पार्टी अब संघर्षशील और जमीनी नेताओं को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही है।

अंकित सिंह का चयन उनकी 19 वर्षों की अटूट निष्ठा और निरंतर सक्रियता का परिणाम है। वर्ष 2006 में छात्र राजनीति से कदम रखने वाले अंकित ने एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव, प्रदेश सचिव और जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव जैसे अहम पदों पर रहकर अपनी सांगठनिक क्षमता का लोहा मनवाया है। वे केवल पदों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सत्ताधारी दल भाजपा के कथित घोटालों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सडक़ पर उतरकर संघर्ष करने वाले नेताओं में गिने जाते हैं।

अंकित सिंह की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल, बलमीत सिंह खनूजा, प्रदीप सिंह और कमलेश शर्मा सहित सैकड़ों वरिष्ठ नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। नेताओं का मानना है कि अंकित की कार्यशैली से बुढ़ार ब्लॉक में संगठन को नई धार मिलेगी और आगामी चुनावों के लिए कांग्रेस का ढांचा और अधिक सशक्त होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि युवा नेतृत्व पर भरोसा जताना कांग्रेस के लिए मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकता है, क्योंकि अंकित सिंह की युवाओं के बीच गहरी पैठ है। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई है।

### जंगल में पेड़ से लटका मिला छात्र का शव, जला पड़ा था लैपटाप

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलैया के जंगलों में बुधवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान पवन कुमार निवासी ग्राम बिजला जिला उमरिया के रूप में हुई है। पवन जबलपुर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस को घटनास्थल से पवन का शव गमछे के फंदे पर लटका मिला। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि शव के पास ही उसका लैपटॉप पूरी तरह से जला हुआ पाया गया है। लैपटॉप के जलने और घटना की परिस्थितियों ने मामले को संदिग्ध बना दिया है, जिससे पुलिस की जांच उलझ गई है।